<u>उच्च न्यायालय, इलाहाबाद</u>
<u>रिक्तियों की सूचना</u>

उत्तर प्रदेश सिविल कोर्ट स्टाफ केन्द्रीयकृत भर्ती 2024–25
<u>संक्षिप्त विज्ञापन</u>

उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के जिला न्यायालयों में केन्द्रीयकृत भर्ती 2024–25 के अन्तर्गत निम्नलिखित पदों पर सीधी भर्ती हेतु अर्ह उम्मीदवारों से ऑन लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं। उम्मीदवार एक से अधिक पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं, इसके लिए उन्हें विस्तृत विज्ञापन मे दिए गए प्रत्येक पद के अनुसार अलग–अलग आवेदन करना होगा। रिक्तियों का विवरण निम्नवत् है:

क्रम सं0	विज्ञापन संख्या	पदनाम	न्यूनतम आवश्यक शैक्षिक योग्यता	रिक्तियों की संख्या	आयु सीमा	वेतनमान
01	01/जिला न्या0/ आशुलिपिक/ 2024	**श्रेणी 'ग' संवर्ग पद** आशुलिपिक श्रेणी–III	स्नातक एवं नाइलिट (डोयेक सोसायटी) द्वारा निर्गत सी.सी.सी प्रमाणपत्र एवं 25/30 शब्द प्रति मिनट की गति से हिन्दी एवं अंग्रेजी कम्प्यूटर टाइपिंग	**583** (**517**–हिंदी आशुलिपिक) (**66**–अंग्रेजी आशुलिपिक)	18–40 वर्ष (01.07.2024 को)	रु0 5200–20200/– ग्रेड पे– रु 2800
02	01/जिला न्या0/ श्रेणी 'ग'/ लिपिक संवर्ग/ 2024	**श्रेणी 'ग' संवर्ग पद** **(i)** कनिष्ठ सहायक (विभिन्न समतुल्य पद) **(ii)** देय प्रशिक्षु	इण्टरमीडिएट एवं डोयेक सोसायटी द्वारा निर्गत सी.सी.सी प्रमाणपत्र एवं 25/30 शब्द प्रति मिनट की गति से हिन्दी एवं अंग्रेजी कम्प्यूटर टाइपिंग	**1054** **(i)** 932– कनिष्ठ सहायक **(ii)122**–देय प्रशिक्षु	18–40 वर्ष (01.07.2024 को)	**(i)** रु0 5200–20200/– ग्रेड पे– रु 2000 **एवं** **(ii)** रु0 5200–20200/– ग्रेड पे– रु 1900 (फिक्स्ड)
03	01/जिला न्या0 / ड्राइवर्स (ड्राइवर श्रेणी 'ग'/ग्रेड–**IV**/2024	**श्रेणी 'ग' संवर्ग पद** ड्राइवर्स (ड्राइवर श्रेणी 'ग'/ ग्रेड–**IV**	हाई स्कूल एवं चार पहिया वाहन चलाने का वैध ड्राइविंग लाइसेंस जो 03 वर्ष से कम अवधि का न हो	**30**	18–40 वर्ष (01.07.2024 को)	रु0 5200–20200/– ग्रेड पे– रु 1900
04	01/जिला न्या0/ श्रेणी 'घ'/ 2024	**श्रेणी 'घ' संवर्ग पद** **(i)** ट्यूबवेल ऑपरेटर–सह–इलेक्ट्रिशियन	जूनियर हाई स्कूल एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से या उसके समकक्ष संस्थान से एक वर्ष का सर्टिफिकेट कोर्स	**1639**	18–40 वर्ष (01.07.2024 को)	पद सं0 **(i)** से **(iv)** तक रु0 5200–20200/– ग्रेड पे– रु 1800 **एवं** पद सं0 **(v)** रु0 6000 (फिक्सड)
		(ii) प्रॉसेस सर्वर	हाई स्कूल			
		(iii) अर्दली/ चपरासी/कार्यालय चपरासी/ फर्राश	जूनियर हाई स्कूल			
		(iv) चौकीदार/ वाटरमैन/ स्वीपर/ माली/ कुली/ भिश्ती/ लिफ्टमैन	जूनियर हाई स्कूल			
		(v) स्वीपर–कम–फर्राश	कक्षा छह			

रिक्तियों की संख्या श्रेणीवार घट–बढ़ सकती हैं। आरक्षण का लाभ उत्तर प्रदेश के अनु0 जाति, अनु0 जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं उत्तर प्रदेश के अन्य श्रेणी के योग्य उम्मीदवारों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इस संदर्भ में समय–समय पर निर्गत एवं उच्च न्यायालय द्वारा लागू विनिर्दिष्ट आदेशों के अधीन अनुमन्य होगा।

अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने हेतु लिंक उच्च न्यायालय इलाहाबाद की आधिकारिक वेबसाइट पर दिनांक **04.10.2024 से 24.10.2024** तक सक्रिय रहेगी।

शुल्क भुगतान :(i) पद क्रम सं0 01 हेतु आवेदन के इच्छुक अभ्यर्थी जो सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित हैं उन्हें परीक्षा शुल्क के रूप में रु0 950/– (बैंक चार्ज अतिरिक्त), ऐसे अभ्यर्थी जो उत्तर प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से संबंधित हैं उन्हें परीक्षा शुल्क के रूप में रु0 850/– (बैंक चार्ज अतिरिक्त) तथा ऐसे अभ्यर्थी जो उत्तर प्रदेश के अनु0 जाति/अनु0 जनजाति से संबंधित हैं उन्हें परीक्षा शुल्क के रूप में रु0 750/– (बैंक चार्ज अतिरिक्त) का भुगतान करना होगा।

(ii) पद क्रम सं0 02 व 03 हेतु आवेदन के इच्छुक अभ्यर्थी जो सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित हैं उन्हें परीक्षा शुल्क के रूप में रु0 850/– (बैंक चार्ज अतिरिक्त), ऐसे अभ्यर्थी जो उत्तर प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से संबंधित हैं उन्हें परीक्षा शुल्क के रूप में रु0 750/– (बैंक चार्ज अतिरिक्त) तथा ऐसे अभ्यर्थी जो उत्तर प्रदेश के अनु0 जाति/अनु0 जनजाति से संबंधित हैं उन्हें परीक्षा शुल्क के रूप में रु0 650/– (बैंक चार्ज अतिरिक्त) का भुगतान करना होगा।

(iii) पद क्रम सं0 04 हेतु आवेदन के इच्छुक अभ्यर्थी जो सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित हैं उन्हें परीक्षा शुल्क के रूप में रु0 800/– (बैंक चार्ज अतिरिक्त), ऐसे अभ्यर्थी जो उत्तर प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से संबंधित हैं उन्हें परीक्षा शुल्क के रूप में रु0 700/– (बैंक चार्ज अतिरिक्त) तथा ऐसे अभ्यर्थी जो उत्तर प्रदेश के अनु0 जाति/अनु0 जनजाति से संबंधित हैं उन्हें परीक्षा शुल्क के रूप में रु0 600/– (बैंक चार्ज अतिरिक्त) का भुगतान करना होगा।

उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा सम्मिलित ऑफलाइन लिखित परीक्षा (ओ0 एम0 आर0 शीट पर) पद क्रम संख्या के अनुसार अलग–अलग तिथियों/पालियों में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आयोजित की जायेगी, तदुपरान्त पदों के अनुसार जहाँ आवश्यक होगा हिन्दी/अंग्रेजी कम्प्यूटर टाइप टेस्ट, आशुलिपि टेस्ट एवं तकनीकी ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किया जाएगा।

परीक्षा/टेस्ट की तिथि, समय एवं स्थान की सूचना अभ्यर्थियों को ई–एडमिट कार्ड के माध्यम से उचित समय पर उपलब्ध करायी जायेगी।

विस्तृत विज्ञापन, शैक्षणिक योग्यता, ऑनलाइन आवेदन, परीक्षा कार्यक्रम सहित अन्य प्रासंगिक जानकारी एवं निर्देश वेबसाइट https://exams.nta.ac.in/AHCRE/ व www.allahabadhighcourt.in पर उपलब्ध रहेंगे।

दिनांक: 01.10.2024

Sd/-
(राजीव भारती)
महानिबंधक